दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.
/dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

यहां श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महिला मंडल, हनुमंतनगर की साधारणसभा आयोजित की गई। प्रीति देवड़ा एवं मीना बाफना के मंगलाचरण के पश्चात अध्यक्ष मंजू बालिया ने सबका स्वागत किया व गत कार्यकाल में सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



# व्हाइटफील्ड में सुन्दरकांड का सामूहिक पाठ हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अयोध्या में बने प्रभु श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा के मौके पर भारतीय राजपूतना सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में व्हाइटफील्ड में सामूहिक सुन्दर कांड का पाठ एवं भजन व दीपोत्सव का आयोजन किया गया। प्रभुश्री राम की विशेष पूजा सुनील सिंह, रिंकी सिंह द्वारा की गई। अध्यक्ष सुनील कुमार ने उपस्थित सम्मानित लोगों को सम्मानित किया। पंडित माधव शास्त्री के द्वारा सुन्दरकांड पाठ व भजनों का कार्यक्रमहुआ जिसमें उपस्थित सभी झूम उठे। संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों का अंग वस्त्र भेंटकर सम्मान किया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह सिकरवार, राष्ट्रीय महासचिव प्रेम सिंह, राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधांशु सिंह, राष्ट्रीय मातृशक्ति अध्यक्ष ममता सिंह शामिल थे। इसमें वीरेंद्र सिंह, प्रेम सिंह ने श्री अयोध्यापति महाराज के बारे में कई रोचक बातें बताई।

कार्यक्रम को बेहतर बनाने में सहयोगी परमेश्वर सिंह, संजय सिंह, गोपाल सिंह, बेल्लांदु सिंह, मातशक्ति, सुनीता सिंह, रोहिणी सिंह, सुभाषिनी सिंह, सिमा सिंह का स्वागत किया गया।

# भिक्षु भक्ति धम्म जागरण का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पौष सुदी तेरस मंगलवार को भिक्षु भक्ति संध्या का आयोजन महाश्रमण सुर संगम द्वारा चामरजपेट स्थित जसवंतराज डॉ रवींद्र नमन समधड़िया के निवास स्थान पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। महाश्रमण सुर संगम से सह प्रभारी सुरेश कोठारी, परामर्शक विक्रम पुगलिया, तेयुप अध्यक्ष अंकुश बैद, उपाध्यक्ष महावीर कटारिया, सहमंत्री देवेंद्र आँचलिया और परिवार की ओर से नमन ने अपनी प्रस्तुति से पूरे माहौल को भिक्षुमय बना दिया। तेयुप एचबीएसटी मंत्री राजीव हिरावत ने परिषद् के इस उपक्रम 'हर घर भिक्षु स्वर' के बारे में जानकारी दी और बताया कि इसका लाभ परिषद परिवार के हर घर तक पहुँचाना है।

# अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें : आचार्य महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सकलेशपुर। यहां हासन जिले के सकलेशपुर के श्री कुंथुनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरजी म. सा. ने बुधवार को अपने प्रवचन में बताया कि जीवन में अपने अहंकार को अपने ऊपर हावी मत होने दो। हमेशा अपने स्वभाव में विनम्रता और मिठास लाना चाहिए।

अहंकार के कारण जीवन में नुकसान ही होता है। व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि लोग बार बार आप से मिलने को लालायित रहे। आपके व्यवहार व स्वभाव से प्रभावित होकर लोग आपकी मदद करने को आतुर रहें। आचार्यश्री ने कहा कि याद रखना सभी के दिल के करीब वही लोग पहुंचते हैं जो बदला लेने के लिए नहीं बल्कि अच्छा बदलाव लाने की सोच रखते हुए कार्य करते हैं।

आचार्यश्री, मुनिश्री मेरु पद्मसागरजी और मुनिश्री अर्हपद्मसागरजी म. सा. हासन की ओर विहाररत हैं।




# हनुमंतनगर महिला मण्डल की साधारण सभा सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महिला मंडल, हनुमंतनगर की साधारणसभा आयोजित की गई। प्रीति देवड़ा एवं मीना बाफना के मंगलाचरण के पश्चात अध्यक्ष मंजू बालिया ने सबका स्वागत किया व गत कार्यकाल में सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री संगीता धोका ने गत कार्यकाल में हुए कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रभा गुलेच्छा, चंचल गोटावत, माला बोहरा, इन्द्रा लोढा, पिंकी मूथा, मधु गुलेच्छा, किरण संचेती ने कार्यकाल में हुए कार्यक्रमों की विविधता पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव साझा किए।

जनवरी 2024 से दिसंबर 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया। सर्वसम्मति से मंजू बालिया को अध्यक्ष के रूप में चुना गया एवं मंत्री के रूप में संगीता धोका का चयन हुआ। सभी ने स्वागत किया। सलाहकार प्रभा गुलेच्छा ने अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की। माला बोहरा, प्रभा गोलेछा व प्रमिला मेहता को सलाहकार, उपाध्यक्ष के रूप में मंजू बूरड, कोषाध्यक्ष के रूप में इन्दु बोहरा, सह मंत्री के रूप में चंचल गोटावत, मधु गुलेच्छा एवं उषा हुण्डिया को बनाया गया। इसी के साथ नए कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा मंजू बालिया ने की। पूर्ण कार्यक्रम का संचालन सलाहकार प्रमिला मेहता ने किया।

माला बोहरा ने सदस्यों से बच्चों को गुरूकुल भेजने व अपनी सेवाएं देने की अपील की। कार्यक्रम में हनुमंतनगर संघ द्वारा सूर्यास्त से पूर्व भोजन की व्यवस्था रखी गई। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दासपा कल्याण मण्डप गवीपुरम में 26 जनवरी को सुबह श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, युवक मण्डल एवम महिला मण्डल के तत्वावधान में लायंस क्लब सिटी आनंद के सहयोग से मानव सेवा के तहत निशुल्क नेत्र परीक्षण एवम चिकित्सा, दंत जांच एवं चिकित्सा, मधुमेह जांच एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संघ सदस्य परिवार के साथ ही आम जनता भी लाभ ले सकती है।



# 'अनमोल रिश्ता सास बहू का' पर कार्यशाला का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा 24 जनवरी को स्थानीय तेरापंथ भवन में रिलेशनशिप स्किल के अंतर्गत 'अनमोल रिश्ता सास बहू का' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के साथ किया गया तत्पश्चात मंडल की सदस्यों द्वारा बहुत ही सुंदर गीतिका की प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए विषय प्रस्तुति देते हुए बताया कि किस प्रकार सास और बहू की बीच बॉन्डिंग बनाकर परिवार में खुशियां बरकरार रखी जा सकती है। निवर्तमान अध्यक्ष प्रेम भंसाली ने अपने विचारों की प्रस्तुति देते हुए कहा कि परिवार में सबसे अनमोल, सबसे नाजुक और सबसे मजबूत रिश्ता होता है सास बहू का। मंडल की सदस्या विपुला गोखरू एवं मधु बाबेल ने बहुत ही सुंदर नाटिका प्रस्तुत करते हुए वर्तमान परिवेश में सास बहू किस प्रकार बॉन्डिंग बनाकर परिवार में खुशियां ला सकती है उसे दर्शाया।

कार्यक्रम के अगले चरण में खुला मंच के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। जिसमें कई सास बहू के जोड़ों ने सहभागिता निभाई। इसमें सास बहू की बेस्ट जोड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया सुमन कोठारी एवं कोमल कोठारी ने।

बेस्ट सास वनिता कोचर एवं बेस्ट बहू प्रियंका गादिया एवं हर्षा बोलिया को चुना गया। सभी विजेताओं को मंडल की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्याएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन नीतिका श्री श्रीमाल एवं आभार ज्ञापन सरिता छाजेड़ ने किया। कार्यक्रम में संरक्षिका इचू बाई पटावारी का विशेष योगदान रहा।



# गौड़ ब्राह्मण संघ द्वारा हनुमान चालीसा पाठ व राशन चावल का वितरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अयोध्या में प्रभुश्री राम ललाजी के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गौड़ ब्राह्मण संघ बेंगलूरु द्वारा केंगेरी के मालसान्द्रा में स्थित कपिश्वरा श्रीराम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ, पूजा, हवन और अन्नदान किया गया। इसमें समाज के सदस्यों ने पूरी श्रद्धा के साथ भागीदारी की। विशेष रूप से महिला मंडल, युवा टीम के पूर्ण सहयोग से कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम भगवान परशुरामजी व रामदरबार की पूजन संघ के वरिष्ठ सदस्य जगदीशचन्द्र, दिनेश, मुकेश, संदीप ने की, द्वीप प्रज्वलन किया गया। जरूरतमंद परिवारों को राशन के चावल एवं दीपों का वितरण किया गया। संचालन संघ के सचिव अनिल शर्मा ने किया। संघ के अध्यक्ष चुन्नीलाल नाथोलिया ने मंदिर के पुजारियों व आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी ने जयश्रीराम का उद्घोष किया।




# महापुरुष हमारे आलंबन व प्रेरणा स्रोत होते हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां श्री श्वेतांबर स्थानक वासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में आचार्य हस्ती जयंती एवं मरुधर केसरी मिश्रीमल जी महाराज साहब के पुण्य स्मृति दिवस पर प्रवचन में गुणानुवाद करते हुए विनयमुनि जी महाराज साहब ने कहा कि महापुरुष हमारे आलंबन व प्रेरणा स्रोत होते हैं। उनकी साधना जीवंत ग्रंथ होते हैं। वे प्रभु की वाणी से समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उनके रोम रोम में समाज के हित की भावना होती हैं।

राष्ट्र में राममय वातावरण पर विनयमुनि जी ने कहा कि राम ने लंका जीत कर भी हड़पने की भावना नहीं रखी और विभीषण को लंकापुरी सौंप दी। वही परंपरा आज भी भारत पालन कर रहा है और आज तक हमने दूसरे राष्ट्र की जमीन नही हड़पी हैं क्योंकि द्वेष भावना से धन, वंश और राज नष्ट हो जाते हैं।

अलसूर संघ की ओर से गुणानुवाद करते हुए संघ मंत्री अभय कुमार बांठिया ने कहा कि आचार्यश्री हस्तीमलजी म. सा. ने जैन धर्म का मौलिक इतिहास लिख कर अभूतपूर्व कार्य किया है और मरुधर केसरी जी ने हमेशा सभी को सभी संत सती की बिना किसी भेदभाव के सेवा की अनुकरणीय प्रेरणा दी थी। इस अवसर पर अलसूर महिला मंडल ने गुरु प्रसादी का वितरण किया और संघ अध्यक्ष नेमीचन्द चोरडिया ने प्रभावना का लाभ लिया। विनयमुनिजी का गुरुवार का प्रवास कृष्णराजपुरम में रहेगा जहां प्रवचन एवं जाप आयोजित हैं।

## अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर श्री माँ जीण के दीवाने ग्रुप के तत्वावधान में गत सोमवार को बेंगलूरु के तुलसीतोट्टा के पीटी ग्राउन्ड स्थित हनुमान मंदिर पर अन्नदान का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया सभी को लड्डू का भी वितरण किया गया। इस मौके पर नंदकिशोर चौधरी, नवरंगलाल सुलतानिया, ओमप्रकाश मित्तल, राजकुमार अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, शंभुलाल अग्रवाल सहित अनेक महिला सदस्यों ने सेवा कार्य में भाग लिया।

# मुनि दीप कुमार आज करेंगे तमिलनाडु राज्य सीमा में मंगल प्रवेश



बेंगलूरु/चित्तूर/दक्षिण भारत। युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के आदेशानुसार मुनि श्री दीप कुमार जी अपने सहवर्ती संत मुनि श्री काव्य कुमार जी के साथ बेंगलूरु के विजयनगर क्षेत्र में सफलतम चातुर्मास के पश्चात होसकोटे के रास्ते केजीएफ में 23 दिन के प्रवास के पश्चात कल 25 जनवरी को तमिलनाडु राज्य की सीमा भारती नगर देवराजापुरम क्षेत्र में प्रवेश करेगें। मुनि श्री का आगामी विहार बानमवाड़ी होते हुए गुडियात्तम क्षेत्र पधारेंगे। मुनि श्री का आगामी मर्यादा महोत्सव का कार्यक्रम 16 फरवरी को गुडियात्तम में होगा।



# सांसद व विधायक ने बांटे लड्डू, रामलला मन्दिर की खुशियां मनाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन बेंगलूरु और जैन डेवलपमेंट फोरम द्वारा अयोध्या में प्रभु राम मन्दिर प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई गई। अध्यक्ष बाबूभाई मेहता और महामंत्री प्रशांत सिंघी ने मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की सभी को बधाईयां देकर सभी का मुंह मीठा करवाते हुए लड्डू वितरण किए। जैन डेवलपमेंट फोरम के महामंत्री ललित डाकलिया ने शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम की प्रतिष्ठा हमें अपने मन्दिर में भी करनी है और जैसा कि प्रधानमंत्रीजी ने आव्हान किया है कि हमें प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से सीख लेनी है और उनकी माता पिता की आज्ञा पालन, त्याग, तपस्या, धर्मनिष्ठता के साथ उनके मानवीय गुणों को आत्मसात करना है और राम राज्य लाने हेतु हमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी ओर से सेवा भावना रखते हुए हमें अपना योगदान प्रदान करना है।

लड्डू वितरण कार्यक्रम में बेंगलूरु दक्षिण के लोकसभा सांसद तेजस्वी सूर्या, विधायक रवि सुब्रमण्यम उपस्थित रहे और उन्होंने अपने हाथों से अनेक जगहों पर राम भक्तों को लड्डु खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की और शुभकामनाएं प्रदान की। लड्डु वितरण से पहले तेजस्वी सूर्या और रवि सुब्रमण्यम के साथ फेडरेशन और फोरम के सदस्यों ने सीता, राम और लक्ष्मण की पूजा अर्चना, अभिषेक और आरती भी की। इस अवसर पर बाबूभाई मेहता ललित डाकलिया, डॉ वासुदेव सारडा, विशाल बोहरा, अनिकेत जैन, कविता जैन, सुशील जैन, ललित धारीवाल, सुनील लोढ़ा, दिनेश पोडवाल, रवि जैन आदि सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




## स्वागत

सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र प्रवासी संघ बेंगलूरु के अध्यक्ष अश्विन सेमलानी ने बुधवार को पाली संभाग के इंस्पेक्टर जनरल पुलिस आईपीएस अधिकारी राघवेंद्र जी सुहाषा से मुलाकात कर उनका शॉल ओढाकर एवं माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान अध्यक्ष सेमलानी ने पाली संभाग इंस्पेक्टर जनरल पुलिस सुहाषा को अपने आदर्श गांव बिठुडा पिरान आने का न्यौता दिया। इस मौके पर संघ के दीपक अग्रवाल मौजूद रहे।

# पत्रकारों से मिलने साइकिल रिक्शे से आने में भी संकोच नहीं करते थे कर्पूरी ठाकुर

नई दिल्ली/भाषा। बिहार जैसे संवेदनशील राज्य के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर से मिलना मेरे और उनसे मुलाकात चाहने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए लिए हमेशा आसान था। उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' के लिए चुना गया है, यह मेरे लिए और यहां तक कि उनके प्रशंसकों के लिए भी थोड़ा हैरान करने वाला है।

'जन नायक' कर्पूरी ठाकुर का नाम मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने वाले महापुरुषों की सूची में शामिल हो गया है जिनमें लालबहादुर शास्त्री, पंडित मदनमोहन मालवीय, लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई और लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसे नाम हैं। स्कूली छात्र के रूप में मैंने उन्हें बिहार की राजधानी के कदम कुआं स्थित जगत नारायण



लाल मार्ग पर जयप्रकाश नारायण के विशालकाय आवास पर कई बार देखा था। जब मैं 1986 में पीटीआई से जुड़ा था तो ठाकुर विपक्ष के नेता थे। वह 1970 के दशक में दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके थे, लेकिन उन्हें समाचार संस्थानों, विशेषकर पीटीआई के कार्यालय तक आने के लिए साइकिल-रिक्शा लेने में कोई हिचक नहीं होती थी।

मिलनसार और उत्साही ब्यूरो प्रमुख एसके घोष, जिन्हें प्यार से मंटू दा कहा जाता था, ठाकुर के मित्र थे। जब मैंने समाजवादी विचारधारा के सबसे मुखर नेताओं में से एक ठाकुर को पहली बार साइकिल रिक्शा पर हमारे कार्यालय में आते देखा था, उस समय मंटू दा इस दुनिया में नहीं थे। उस समय एसडी नारायण ब्यूरो प्रमुख थे।

ठाकुर अकेले और चुपचाप अपने रबर-सोल वाले सैंडल पहनकर समाचार कक्ष में आते थे। वह बड़ी सहजता से उस रिक्लाइनर पर बैठते थे जिसे मंटू दा ने अपने लिए मंगाया था।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com